नए उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना : नन्दी

राब्यू, लखनऊ : गुजरात के गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के दूसरे दिन प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी कई सेमिनार में शामिल हुए और उद्यमियों को उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों एवं विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना से अवगत कराया। मंत्री नन्दी ने समिट में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गुजरात के विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई लगधीरभाई चौधरी, गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी और औद्योगिक बलवंत सिंह राजपूत से भी मुलाकात की। इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स के सेमिनार में मंत्री नन्दी ने कहा कि इस समिट ने देश एवं दुनिया के औद्योगिक जगत से जुड़े स्टेक होल्डर्स को एक साथ लाने का भव्य मंच उपलब्ध कराया है। यह विराट आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि आज के नए उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाएं हैं। एयरपोर्ट्स, एक्सप्रेसवेज, रेलवे और वाटरवेज के विस्तृत नेटवर्क ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान की है।